सी) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को देय राशि 148.56 लाख लंबे समय से आगे बढ़ाया जा रहा है और कोई भी प्रासंगिक विवरण सत्यापन करने के लिए उपलब्ध नहीं है। आगे किसी भी देयताओं का पहचान नहीं किया गया है और लेखा-जोखा नहीं दिया गया है और अभी तक ब्याज के प्रावधान का भी पता नहीं लगाया गया है और ब्याज का प्रावधान प्रदान नहीं किया गया है।

सी7 अन्य चालू देयताएं

ए) जैसाकि टिप्पणी 8 में दर्शाया गया है, सांविधिक देयताओं की राशि 4,260.02 लाख रु में क्षति की राशि 3,550.11 रु और ईएसआई एवं भविष्य निधि के प्राधिकारियों द्वारा दावा किया गया राशि 592.24 रु शामिल है। इन्हें लंबे समय से आगे बढ़ाया जा रहा है और जैसाकि हमें स्पष्टीकरण दी गई है, कंपनी द्वारा बीआईएफआर अनुमोदित योजना के अनुसार छूट मांगी गई है। तथापि छूट हेतु अनुमोदन को लंबित रखते हुए इन बकाया राशियों के लिए कोई समायोजन नहीं किया गया है।

बी) सांविधिक देयताओं में फ्रिंज लाभ कर 7.94 लाख रु, व्यवसाय कर पर 68.69 लाख रु का ब्याज और नगरपालिका कर पर 28.46 लाख रु का ब्याज भी शामिल है जो लंबे समय से आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रासंगिक जानकारी के अभाव में यह पता लगाना संभव नहीं है कि इनमें से कितनी देयताएं अंततः देय हैं।

सी) भुगतान हेतु आयुक्त के असंवितरित दावे 40.29 लाख रु; कार्य-निष्पादन की गारंटी 57.47 लाख रु, सिक्योरिटी डिपॉजिट/ईएमडी 76.85 लाख रु और पार्टियों से अग्रिम 98.83 लाख रु. : पार्टीवार विवरण और अन्य आवश्यक जानकारी के अभाव में यह निर्धारित करना संभव नहीं था कि उपर्युक्त राशियों जो लंबे समय से आगे बढ़ाया जा रहा है, में से कितनी राशि अंततः देय हैं।

डी) अन्य चालू देयताओं में अर्जित मजदूरी और वेतन 343.53 लाख रु. के लेनदार शामिल हैं। इसे लंबे समय से आगे बढ़ाया जा रहा है और जैसाकि हमें स्पष्टीकरण दी गई है, इस आंकड़े में वीआरएस देय के खाते में 114.16 लाख रु., कर्मचारियों को वापस करने योग्य आयकर की राशि 3.87 लाख रु. और कर्मचारियों को वापस करने योग्य व्यवसाय कर के खाते में 8.49 लाख रु. शामिल हैं। प्रासंगिक जानकारी के अभाव में यह पता लगाना संभव नहीं है कि इनमें से कितनी देयताएं अंततः देय हैं।

उपरोक्त मामलों के परिणामस्वरूप हम यह निर्धारित करने में असमर्थ थे कि क्या तुलन-पत्र में इन राशियों का कोई भी समायोजन करना आवश्यक था और लाभ-हानि के विवरण पर इससे संबंधित प्रभाव था।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन का दायित्व

कंपनी के बोर्ड के निदेशकगण इस स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की तैयारी करने के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 134(5) में दर्शाये गये विषय-वस्तु के लिए जिम्मेदार हैं जो साधारणतः भारत में स्वीकार किये गये लेखाकरण सिद्धांतों जिसमें इस अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखाकरण मानकों के साथ कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 शामिल है, के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य-निष्पादन एवं नकद प्रवाह का सही व स्वच्छ तस्वीर प्रस्तुत करता है।

इस जवाबदेही में यह भी शामिल है कि कंपनी के परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने और जालसाजी को रोकने व पता लगाने एवं अन्य अनियमितताओं के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखाकरण रिकार्डों का रखरखाव, उपयुक्त लेखाकरण नीतियों का चयन व उपयोग, निर्णय व आकलन करना जो उचित और विवेकापूर्ण है; पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का डिजाइन, कार्यान्वयन व रखरखाव जो लेखाकरण रिकार्डों की परिशुद्धता व संपूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहे थे, वित्तीय विवरणों की तैयारी एवं प्रस्तुति से संबंधित सही एवं स्वच्छ तस्वीर देता है और गलत विवरण दस्तावेज जो जालसाजी अथवा गलती से मुक्त है।

लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर इस स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करना है।

हमारे लेखापरीक्षा के संचालन में हमने इस अधिनियम के प्रावधानों, लेखाकरण और लेखापरीक्षा मानकों और इससे संबंधित विषय को लेखा में रखा है जो इस अधिनियम के प्रावधानों और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और इस अधिनियम की धारा 143(11) के तहत जारी आदेश के अंतर्गत लेखपरीक्षा रिपोर्ट में शामिल किया जाना अपेक्षित है।

हमने इस अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा से संबंधित मानकों के अनुसार अपना लेखापरीक्षा किया है। उन मानकों की आवश्यकता है कि हम नैतिक आवश्यकताओं और योजना का अनुपालन करें और क्या वित्तीय विवरणियां भौतिक गलत विवरणों से मुक्त हैं के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा करें।

लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों में दी गई राशि और प्रकटीकरण से संबंधित लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रियाएं शामिल हैं। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं जिसमें वित्तीय विवरणों की सामग्री के गलत विवरण के जोखिम का मूल्यांकन शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो। उन जोखिमों का आकलन करने के लिए लेखापरीक्षक कंपनी के वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को प्रासंगिक मानता है जो लेखापरीक्षा के प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए सही और स्वच्छ तस्वीर प्रस्तुत करता है और ऐसी परिस्थितियों में उपयुक्त हैं। लेखापरीक्षा में उपयोग की गई लेखाकरण नीतियों की उपयुक्तता और कंपनी के निदेशकगण द्वारा किए गए लेखाकरण अनुमानों की उचितता का मूल्यांकन एवं वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन भी शामिल है।

हम विश्वास करते हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं वे स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारे सशर्त लेखापरीक्षा राय का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

एसएज के अनुसार लेखापरीक्षा के अंश के रूप में हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरे लेखापरीक्षा में व्यावसायिक संदेह को बनाए रखते हैं। हम यह भी:

- वित्तीय विवरणों की सामग्री के दुरुपयोग के जोखिमों की पहचान और आकलन करें चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, उन जोखिमों के लिए लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं का डिजाइन और कार्य-निष्पादन करें और लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करें जो हमारी राय के लिए आधार साबित करने के लिए पर्याप्त और उचित है। धोखाधड़ी से उत्पन्न सामग्री के गलत विवरण का पता नहीं लगाने का जोखिम त्रुटि के परिणाम से अधिक है क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत वर्णन या आंतरिक नियंत्रण का अधिभावी शामिल हो सकती है।
- लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा के अनुरूप आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ प्राप्त करना है जो इस परिस्थितियों में उपयुक्त हैं।
- उपयोग की गई लेखाकरण नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखाकरण आकलनों और संबंधित प्रकटनों की तर्कशीलता का मूल्यांकन करें।
- लेखाकरण के लाभप्रद के आधार पर प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों के आधार पर निष्कर्ष निकालें कि क्या कोई घटना या शर्तों से संबंधित सामग्री अनिश्रचितता से मौजूद है जो लाभप्रद संस्था के रूप में जारी रखने के लिए कंपनी की क्षमता पर सार्थक संदेह पैदा कर सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि सामग्री अनिश्चितता से मौजूद है तो हमें अपने लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटन या यदि इस तरह के प्रकटन अपर्याप्त हैं तो हमारी राय को संशोधित करने के लिए ध्यान आकर्षित करना आवश्यक है। हमारा निष्कर्ष हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं।
- प्रकटन सहित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और विषय-वस्तु का मूल्यांकन करें और क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं जो निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त करते हैं।

वित्तीय विवरणों में भौतिकता गलत विवरणों का प्रभाव है जो व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर है जिससे यह संभावना बनती है कि वित्तीय विवरणों के एक यथोचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) हमारे लेखापरीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और हमारे कार्य के परिणामों के मूल्यांकन में और (ii) वित्तीय विवरणों में किसी भी पहचान किए गए गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक भौतिकता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम अन्य मामलों में लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे व समय एवं आंतरिक नियंत्रण में कोई भी महत्वपूर्ण कमी सहित महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों के बारे में उन लोगों के साथ संवाद करते हैं जिसे हम अपने लेखापरीक्षा के दौरान पहचानते हैं।

हम उन लोगों को भी विवरणी प्रदान करते हैं जिन्हें हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के साथ अनुपालन किया है और उन सभी संबंधों और अन्य मामलों के साथ संवाद करने के लिए जिन्हें हमारी स्वतंत्रता और जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों पर उचित रूप से विचार किया जा सकता है।

अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. जैसाकि इस अधिनियम की धारा 143(11) के शर्तानुसार केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षक के रिपोर्ट) आदेश, 2016 ('आदेश') द्वारा अपेक्षित है, हम संलग्नक ए में इस आदेश के पैराग्राफ 3 और 4 में विनिर्दिष्ट मामलों पर विवरण दिये हैं।

2. जैसाकि इस अधिनियम की धारा 143(3) द्वारा अपेक्षित है, हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं, लागू होने तक, कि:

ए) हमने सशर्त राय के लिए आधार के पैरा में वर्णित मामलों को छोड़कर लेखापरीक्षा के उद्देश्य से वे सभी सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण प्राप्त किये हैं जो हमारे जानकारी व विश्वास से आवश्यक थे।

बी) सशर्त राय के लिए आधार के पैरा में वर्णित मामलों के संभावित प्रभावों को छोड़कर हमारी राय से लेखा के समुचित बही खाते जो कंपनी को विधिवत् रखना चाहिए, हमारे जांच के समय देखा गया कि उन्होंने उसे सही ढंग से रखे हैं।

सी) इस रिपोर्ट में दर्शाये गये तुलन-पत्र, लाभ-हानि विवरण एवं नकद प्रवाह विवरण लेखा के बही खाते से मेल खाते हैं।

डी) सशर्त राय के लिए आधार के पैरा में वर्णित मामलों के प्रभावों को छोड़कर हमारी राय से तुलन-पत्र, लाभ-हानि विवरण एवं नकद प्रवाह विवरण का अनुपालन कंपनी (लेखा) नियम, 2014 का नियम 7 के साथ-साथ इस अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखाकरण मानक के साथ किया गया है।

ई) हमारी राय से उपरोक्त सशर्त राय के लिए आधार के पैरा में वर्णित मामलों का कंपनी के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

एफ) हमें सूचित किया गया है कि अधिसूचना सं.जी.एस.आर. 463(ई) दिनांक 5 जून, 2015 के शर्तानुसार निदेशकों की अयोग्यता के संबंध में इस अधिनियम की धारा 164(2) के प्रावधान सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी पर लागू नहीं हैं।

जी) खातों और उससे जुड़े अन्य मामलों के रखरखाव से संबंधित शर्त वही हैं जैसाकि उपरोक्त सशर्त राय के लिए आधार के पैरा में वर्णित हैं।

एच) कंपनी की वित्तीय रिपोर्ट देने से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों के परिचालन की प्रभावपूर्णता के संदर्भ में हमारा पृथक रिपोर्ट संलग्नक-बी में देखें।

i) कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014 का नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षक के रिपोर्ट में शामिल होने वाले अन्य मामलों के संदर्भ में हमारी राय व जानकारी से और हमें दी गई स्पष्टीकरण के अनुसार :

ए) पूर्ण विवरण के अभाव में हम यह टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं हैं कि क्या कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों में वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के संपूर्ण प्रभाव का खुलासा किया है।

बी) कंपनी ने कोई दीर्घकालिक अनुबंध, अमौलिक अनुबंध सहित नहीं किया है जिससे पहले ही से हानि का अनुमान लगाया जा सके।

सी) ऐसी कोई राशि नहीं थी जिसे कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में हस्तांतरित होने की आवश्यकता पड़े।

3. इस अधिनियम की धारा 143(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निदेशों के प्रत्युत्तर में हम रिपोर्ट करते हैं:

i) कंपनी के पास उनकी इकाइयों और कॉर्पोरेट कार्यालय के बीच ईआरपी लेखाकरण प्रणाली या पूरी तरह से एकीकृत आईटी प्रणाली नहीं है। प्रत्येक इकाई और कॉर्पोरेट कार्यालय के लेखा का रखरखव लेखाकरण सॉफ्टवेयर पर किया जाता है। कॉर्पोरेट कार्यालय और विभिन्न प्रभागों के खातों का समेकन एक अलग डेटा प्रविष्टि मोड के माध्यम से किया जाता है।

कंपनी द्वारा अपनाई गई वर्तमान प्रणाली डेटा अखंडता की अनुपस्थिति की गुंजाइश छोड़ती है और लेखापरीक्षा जोखिम को बढ़ाती है।

ii) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण और हमारे द्वारा जांच की गई कंपनी के रिकॉर्ड के अनुसार कंपनी की अक्षमता के कारण कंपनी के पास ऋण चुकाने के लिए ऋणदाता द्वारा दिए गए छूट/कर्ज के बट्टे खाते/ऋण/ब्याज आदि के कोई मामला नहीं है।

iii) ए) भारत सरकार ने कंपनी के पुनर्गठन/पुनरूद्धार के लिए अतिरिक्त बजटीय सहायता के रूप में 48362 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण की मंजूरी दी जैसाकि आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) और बीआईएफआर द्वारा अनुमोदित किया गया है। उस राशि में से 31.3.2018 तक 41571.41 लाख रुपये दिये गये हैं। 2018-19 के दौरान भारत सरकार ने कंपनी को बंद करने की मंजूरी दी और भारत सरकार द्वारा जारी किए गए निदेश के अनुरुप 20000 लाख रुपये चुका दिये। शेष राशि दीर्घकालिक उधार के रूप में पड़ी है।

बी) कंपनी ने विगत वर्षों में पश्चिम बंगाल सरकार से 281.48 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया है। कंपनी ने 31 मार्च 1994 से ऋण और ब्याज को चुकाने में चूक की है। 31.3.2019 तक ऋण और न चुकाया गया ब्याज की संचित शेष राशि 1481.20 लाख रुपये है। ऋण के दस्तावेज एवं ऋण के निबंधन और शर्ते हमें उपलब्ध नहीं कराई गई।

सी) जैसाकि वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 3 में प्रकट किया गया है, कंपनी ने 1988-89 में बिहार सरकार और इजिरा (आईजेआईआरए) से अनुदान और 1982-83 में पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम से सब्सिडी प्राप्त की थी। इस अनुदान/सब्सिडी के विस्तृत कागजात और इस अनुदान में से अर्जित परिसंपत्तियों को हमें उपलब्ध नहीं कराए गए।

कृते गुप्ता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म का पंजीकरण सं.301028ई

अर्नब देब
साझेदार
सदस्यता संख्याः 062018
यूडीआईएनः19062018एएएएसीटी2207

कोलकाता
दिनांकः 20.09.2019

स्वतंत्र लेखापरीक्षक के रिपोर्ट का संलग्नक-ए

31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय विवरणों पर राष्ट्रीय जूट विनिर्माण निगम लिमिटेड ('कंपनी') के सदस्यों को भेजे गये उस तिथि के स्वतंत्र लेखापरीक्षक रिपोर्ट में दर्शाया गया।

हम रिपोर्ट करते हैं कि:

1. ए. कंपनी ने अचल संपत्तियों के रिकॉर्ड का रखरखाव किया है जिसमें अचल संपत्तियों की पहचान, स्थान/स्थिति, खरीद का वर्ष, पुनर्मूल्यांकन के लिए समायोजन, उपयोगी जीवन, हानि और अवयवों के पर्याप्त विवरणों का अभाव है।

   बी. वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा किसी भी समय अचल परिसंपत्तियों को प्रत्यक्ष रूप से सत्यापित नहीं किया गया है। हालांकि, विगत वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान भारत सरकार के उपक्रम (फेरो स्कैप निगम लिमिटेड) द्वारा यूनियन मिल को छोड़कर कंपनी के 5(पांच) मिलों के संयंत्र और मशीनरी का प्रत्यक्ष सत्यापन और मूल्यांकन किये गये थे। उनके रिपोर्ट के अनुसार नेशनल और एलेक्जेंड्रा इकाइयों में संयंत्र और मशीनरी अत्यधिक क्षतिग्रस्त एवं सेवारहित हालत में थे और आगे उपयोग/मरम्मत करने की संभावनाएं नगण्य हैं। खारदाह और आरबीएचएम कटिहार की इकाइयों के संयंत्र और मशीनरी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त और सेवारहित हालत में थे और आगे उपयोग/मरम्मत करने की संभावनाएं सौम्य हैं। किन्निसन यूनिट में संयंत्र और मशीनरी मामूली स्र्प से जंग लगी थी और सेवारहित हालत में थी और आगे इसके उपयोग/मरम्मत करने की संभावनाएं उचित है। तथापि निश्चित परिसंपत्तियों के रजिस्टर के साथ प्रत्यक्ष सत्यापित परिसंपत्तियों का कोई समाधान नहीं हुआ है। इसलिए तुलन-पत्र की तिथि तक विसंगतियां यदि कुछ हो तो उसे अभिनिश्चित एवं लेखाबद्ध नहीं किया जा सका है।

   सी. हमें हमारे सत्यापन के लिए अचल परिसंपत्तियों के अधिकार-पत्र उपलब्ध नहीं कराए गए थे। तथापि हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तीन मिलों अर्थात् खारदाह, किन्निसन और एलेक्जेंड्रा की ज़मीन-जायदाद को तत्कालीन कंपनियों के नाम से दिखाया जाना जारी है। भूमि अभिलेखों को अद्यतन करने के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट और जिला भूमि एवं भूमि सुधार अधिकारी, उत्तर 24 परगना, बारासात को अभ्यावेदन दिया गया है। 31 मार्च, 2019 तक अद्यतन लंबित है।

ii). कंपनी के किन्निसन, खारदाह और आरबीएचएम (कटिहार) इकाइयों में बाहरी स्टॉक लेखापरीक्षक द्वारा वस्तुसूची का प्रत्यक्ष सत्यापन किया गया है। हालाँकि अद्यतित वस्तुसूची अभिलेखों की अनुपस्थिति में स्टॉक रिकॉर्ड के साथ सत्यापित वस्तुसूचियों की कोई तुलना नहीं की जा सकी है और इस सत्यापन के आधार पर तुलन-पत्र की तारीख तक के वस्तुसूची का मूल्यांकन किया गया है।

अधिकांश वस्तुसूचितयों को लंबे समय से आगे बढ़ाया गया है और चालू वित्त वर्ष एवं विगत वित्त वर्ष के दौरान वस्तुसूची की कोई गतिविधि नहीं है। इसके अलावा वस्तुसूची का वर्षवार विश्लेषण के साथ-साथ अप्रचलित, गैर-गतिविधि और गैर विपणन योग्य वस्तुसूचियों की पहचान नहीं की गयी है। वस्तुसूचियों का शुद्ध वसूली योग्य मूल्य निर्धारित नहीं किया गया है। इसलिए यह निर्धारित करना संभव नहीं है कि क्या वस्तुसूची का ढुलाई मूल्य उचित मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है।

iii). ए) कंपनी ने विगत वर्षों में अपने सहायक कंपनी को 4668.95 लाख स्र्पये असुरक्षित ऋण प्रदान किया था जिसे प्रबंधन द्वारा संदेहास्पद माना गया है और पूर्ण प्रावधान भी किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सहायक कंपनी को बंद करने की मंजूरी दी है। इसकी सहायक कंपनी को दिए गए ऋण के निबंधन और शर्तें हमें उपलब्ध नहीं कराई गई थी और इसलिए हम यह टिप्पणी करने में असमर्थ हैं कि क्या यह ऋण कंपनी के हित के लिए पूर्वाग्रही है। सहायक कंपनी को दी गई इस ऋण को छोड़कर कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के अंतर्गत रखरखाव किये गये रजिस्टर में शामिल कंपनी, फर्म, सीमित देयता साझेदार या अन्य पार्टियों को कोई ऋण, सुरक्षित या असुरक्षित नहीं दिया है।

   बी) कंपनी ब्याज चार्ज कर रही है और इस राशि का पूरा प्रावधान भी कर रही है क्योंकि यह राशि वसूली योग्य नहीं है।

सी) मूलधन और ब्याज दोनों ही का ऋण 90 दिनों से अधिक का बकाया है। विगत वर्षों में ऋण की वसूली नहीं हुई है। चूंकि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस सहायक कंपनी को बंद करने की मंजूरी दे दी है इसलिए ऋण की राशि और ब्याज की वसूली का कोई वास्तविक मौका नहीं है।

iv. हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार चालू वर्ष के दौरान कंपनी ने अधिनियम की धारा 185 और 186 के अंतर्गत शामिल पार्टियों को कोई ऋण नहीं दिया है या कोई निवेश नहीं किया है या कोई गारंटी या सुरक्षा प्रदान नहीं की है।

v. अधिनियम की धारा 73 से 76 के अर्थ के अंदर और इसके अंतर्गत बने नियमों को अधिसूचित होने तक कंपनी ने वर्ष के दौरान जनता से किसी प्रकार की जमा राशि स्वीकार नहीं किया है और 31 मार्च, 2019 तक कोई बिना दावे की जमा राशि नहीं है और इसलिए आदेश के खंड 3(v) का प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

vi. भारत के केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार कंपनी को अधिनियम की धारा 148(1) के अंतर्गत अपने उत्पादों के लागत रिकॉर्ड का रखरखाव करने की आवश्यकता है। हमें ऐसी लागत लेखाकरण रिकार्डों को हमारी समीक्षा के लिए उपलब्ध नहीं कराये गये हैं और तदनुसार हम यह बताने में असमर्थ हैं कि क्या कंपनी द्वारा ऐसे निर्धारित लेखों और रिकार्डों को बनाए और रखरखाव किये गये हैं।

vii.ए. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार भविष्य निधि, कर्मचारियों का राज्य बीमा, आयकर, मूल्य वर्धित कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, विक्रय कर, उपकर और अन्य सामग्री सांविधिक बकाया राशि के संबंध में 31 मार्च, 2019 तक बकाया राशि के रूप में कोई अविवादित राशि देय नहीं है जो देय तिथि से छः महीने से अधिक अवधि के लिए है।

बी. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार विवाद होने के कारण 31 मार्च, 2019 तक निम्नलिखित सांविधिक बकाया राशि जमा नहीं की गई है:

सांविधि का नाम	बकाया राशि की प्रकृति	राशि (रु लाख में)	अवधि जिससे राशि संबंधित है	फोरम जहां विवाद लंबित है
वित्त अधिनियम 1994	सेवा कर	0.10	बहुत पुराना	उप आयुक्त, सेवा कर
पश्चिम बंगाल मूल्य वर्धित कर 2003	सीएसटी	220.18	2011-12 से 2015-16 तक	उप आयुक्त, वाणिज्यिक कर

उपरोक्त के अलावा निम्नलिखित पुराने सांविधिक बकाया राशि जो विवादित होगा वह 31 मार्च, 2019 तक कंपनी के बही में बकाया रहेंगे जिसका ब्यौरा उपलब्ध नहीं है:

ए) भविष्य निधि 595.22 लाख रूपये

बी) कर्मचारियों का राज्य बीमा 3,550.29 लाख रुपये

सी) व्यवसाय कर 69.40 लाख रुपये

डी) नगरपालिका कर 28.47 लाख रूपये

ई) फ्रिंज लाभ कर 7.94 लाख रूपये

एफ) वैट/सीएसटी 8.99 लाख रूपये

viii) हमारे द्वारा जांच की गई कंपनी के रिकार्डों और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने पश्चिम बंगाल सरकार से 1481.20 लाख रुपये (उसका ब्याज 1199.72 लाख सहित) की ऋण चुकाने में चूक की है जो समायोजन के अधीन है जैसाकि वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 4 के अतिरिक्त सूचना में दर्शाया गया है।

ix) कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश, फिर सार्वजनिक पेशकश (ऋण उपकरणों सहित) के माध्यम से कोई रूपया नहीं उठाया है। कंपनी ने विगत वर्षों में पश्चिम बंगाल सरकार और भारत सरकार दोनों से ऋण प्राप्त किया था। हालाँकि जिन विनियम और शर्तों के अधीन कंपनी ने ऋण प्राप्त किया है उस उद्देश्य के लिए जिसके लिए ऐसे ऋण स्वीकृत किए गए थे वे हमें उपलब्ध नहीं थे। इसलिए हम यह टिप्पणी करने में असमर्थ हैं कि क्या ऋण उन उद्देश्यों के लिए लागू किया गया था जिनके लिए उन्हें प्राप्त किया गया था।

x) जहां तक हमें जानकारी है और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान हम न तो कंपनी द्वारा सामग्री धोखाधड़ी के किसी भी उदाहरण या उसके अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कंपनी पर किसी भी धोखाधड़ी को देखा या रिपोर्ट किया है न ही हमें प्रबंधन द्वारा ऐसे किसी मामले की सूचना दी गई है।

xi) कारपोरेट कार्य मंत्रालय की अधिसूचना सं.जी.एस.आर.463(ई) दिनांक 5 जून 2015 के शर्तानुसार प्रबंधकीय पारिश्रमिक से संबंधित अधिनियम की अनुसूची-V के साथ धारा 197 के प्रावधान एक सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी पर लागू नहीं हैं।

xii) कंपनी इस अधिनियम की धारा 406 के प्रावधानों के अनुसार यथा निर्धारित निधी कंपनी नहीं है। तदनुसार आदेश के खंड 3(xii) के प्रावधानों के तहत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं है।

xiii) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177 और 188 के अनुपालन में है।

xiv) वर्ष के दौरान कंपनी ने शेयरों का कोई तरजीही आवंटन या निजी प्लेसमेंट नहीं किया है या योग्य परिवर्तनीय डिबेंचर को पूरी तरह से या आंशिक रूप से भुगतान नहीं किया है और इसलिए आदेश के खंड 3(xiv) के तहत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं है।

xv) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान कंपनी ने अपने निदेशकों या इसके निदेशकों से जुड़े व्यक्तियों के साथ किसी भी गैर नकदी लेनदेन में प्रवेश नहीं किया है और इसलिए अधिनियम की धारा 192 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं।

xvi) कंपनी को भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45-1ए के तहत पंजीकृत होने की आवश्यकता नहीं है, तदनुसार, आदेश के खंड 3(xvi) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं।

कृते गुप्ता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म की पंजीकरण संख्याः 301028ई

अर्नब देब
साझेदार
सदस्यता संख्याः 062018
यूडीआईएन:19062018 एएएएसीटी 2207

कोलकाता

दिनांकः 20.09.2019

राष्ट्रीय जूट विनिर्माण निगम लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर उस तिथि के स्वतंत्र लेखापरीक्षक के रिपोर्ट का संलग्नक-बी

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 143(3) (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

हमने उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के संयोजन के रूप में राष्ट्रीय जूट विनिर्माण निगम लिमिटेड ('कंपनी') की 31 मार्च 2019 तक की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का लेखापरीक्षा किया है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन का दायित्व

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखापरीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश नोट में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग के मानदंड पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का स्थापना और रखरखाव करने की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो कंपनी के नीतियों के पालन, अपनी संपत्ति की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पहचान, लेखाकरण रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता और विश्वासनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी सहित अपने व्यवसाय के क्रमबद्ध और कुशल आचरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे जैसाकि कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अपेक्षित है।

लेखापरीक्षक की जवाबदेही

हमारी जवाबदेही है कि हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय व्यक्त करना। हमने अपने लेखापरीक्षा का संचालन आईसीएआई द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखापरीक्षा ('मार्गदर्शन नोट') और लेखाकरण मानकों के दिशा-निर्देश नोट और कंपनी अधिनियम 2013 ('अधिनियम') की धारा 143(10) के तहत निर्धारित जहां तक आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखापरीक्षा करने के लिए लागू होता है, के अनुसार किया है। उन मानकों और मार्गदर्शन नोट की आवश्यकता है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का पालन करें और उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की योजना एवं कार्य-निष्पादन करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और रखरखाव किया गया है और ऐसे नियंत्रण सभी सामग्री पहलुओं में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्य-निष्पादन प्रक्रियाएं और उसके परिचालन की प्रभावशीलता शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के हमारे लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करना जो भौतिक कमजोरी मौजूद है और मूल्यांकित जोखिम पर आधारित आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का जांच और मूल्यांकन शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं जिसमें वित्तीय विवरणों की सामग्री के गलत विवरण के जोखिम का मूल्यांकन शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

हम विश्वास करते हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है वह वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी सशर्त लेखापरीक्षा राय हेतु आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वासनीयता और आमतौर पर स्वीकार किए गए लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार बाहरी प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरणों की तैयारी के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करने हेतु डिज़ाइन की गई प्रक्रिया है। वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में उन नीतियों और प्रक्रियाओं को शामिल किया जाता है जो (1) रिकॉर्ड के रखरखाव से संबंधित है जो कंपनी की परिसंपत्तियों के लेनदेन और निपटान को उचित ब्यौरे, सटीक और सही रूप से दर्शाते हैं; (2) उचित आश्वासन प्रदान करते हैं कि लेनदेन का रिकॉर्ड किया जाता है जैसाकि आम तौर पर स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी की अनुमति के लिए आवश्यक है और कंपनी की प्राप्ति

और व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकृत से किए जा रहे हैं; और (3) कंपनी की परिसंपत्ति का अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान के रोकथाम या समय पर पता लगाने के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करता है जो वित्तीय विवरणों पर भौतिक प्रभाव डाल सकता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अंतर्निहित सीमाएं

मिलीभगत या अनुचित प्रबंधन, नियंत्रणों का अधिभावी, त्रुटि अथवा छोखाछड़ी की वजह से गलत विवरणों की संभावना शामिल करते हुए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अंतर्निहित सीमाओं के कारण घटित हो सकता है और पता नहीं लगा हो। भविष्य में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन का प्रक्षेपण जोखिम के अधीन है जिससे परिस्थितियों में परिवर्तन होने के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकता है अथवा जिससे नीतियों या प्रक्रियाओं का अनुपालन बिग़ड सकता है। इसलिए हमारी राय आश्वासन नहीं देती है, उदाहरण के लिए कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता और न ही दक्षता या प्रभावशीलता जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के कार्यों का संचालन किया है।

सशर्त राय

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर कंपनी ने वित्तीय रिपोर्टिंग पर अपने आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को आधरित मानदंड अथवा आईसीएआई द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट में दर्शाए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए स्थापित नहीं किया है जैसे नियंत्रण पर्यावरण, जोखिम मूल्यांकन, नियंत्रण गतिविधियां, सूचना प्रणाली और संचार और निगरानी। बोर्ड की रिपोर्ट में कंपनी के लिए किसी भी जोखिम प्रबंधन नीति का संकेत नहीं है जिसमें जोखिम के तत्वों की पहचान भी शामिल है।

उपरोक्त टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय रिपोर्टिंग के मानदंड पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर 31.3.2019 तक कंपनी में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त है जैसाकि आईसीएआई द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट में दर्शाया गया है।

हमने कंपनी के वित्तीय विवरणों के हमारे लेखापरीक्षा में लागू लेखापरीक्षा जांच की प्रकृति, समय और सीमा का निर्धारण करने में ऊपर बताई गई सशर्त राय पर विचार किया है और योग्यता कंपनी के वित्तीय विवरणों पर हमारी राय को प्रभावित नहीं करती है।

कृते गुप्ता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म की पंजीकरण संख्याः 301028ई

अर्नब देब
साझेदार
सदस्यता संख्याः 062018
यूडीआईएन:19062018 एएएएसीटी 2207

स्थानः कोलकाता
दिनांकः 20.09.2019

राष्ट्रीय जूट विनिर्माण निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

तुलन पत्र

31 मार्च 2019

31 मार्च 2019 तक का तुलन पत्र

(रु. लाख में)

	टिप्पणी सं.	31 मार्च 2019 तक		31 मार्च 2019 तक	
(ए) इक्विटी एवं देयताएं					
(1) शेयर धारकों की निधि:					
(क) शेयर पूंजी	2	5,579.74		5,579.74	
(ख) रिजर्व एवं अधिशेष	3	(27,777.24)	(22,197.50)	(27,923.07)	(22,343.33)**(2)**
(2) गैर चालू देयताएं					
(क) दीर्घावधि उधार	4	23,052.61		43,020.23	
(ख) दीर्घावधि प्रावधान	5	23.35	23,075.96	23.35	43,043.58
(3) चालू देयताएं					
(क) अल्पावधि उधार	6	0.00		0.00	
(ख) व्यापारिक देय	7	2,587.62		2,549.96	
(ग) अन्य चालू देतयताएं	8	5,132.96		5,237.26	
(घ) अल्पावधि प्रावधान	9	189.08	7,909.66	189.08	7,976.30
कुल			8,788.12		28,676.55
(बी) परिसंपत्तियां					
(1) गैर चालू परिसंपत्तियां					
(क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण					
(i) प्रत्यक्ष परिसंपत्तियां	10	1,003.60		1,056.26	
(ii) पूंजी कार्य प्रगति पर	10	-	1,003.60	17.48	1,073.74
(ख) गैर चालू निवेश	11	-	-	-	-
(2) चालू परिसंपत्तियां					
(क) वस्तुसूची	12	627.31		627.31	
(ख) व्यापारिक प्राप्य	13	-		71.27	
(ग) नकद एवं नकद समतुल्य	14	5,188.30		24,815.17	
(घ) अल्पावधि ऋण एवं अग्रिम	15	1,903.19		1,169.25	
(ड़) अन्य चालू परिसंपत्तियां	16	65.72		897.05	
(च) आई एस डी एस परियोजना	17	-		22.76	
			7,784.52		27,602.81
कुल			**8,788.12**		**28,676.55**

महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां 1
हमारे उस तिथि के अनुसार टिप्पणियां वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग है 1-26

कृते एवं बोर्ड की ओर से

कृते गुप्ता एंड कं.
सनदी लेखाकार
पंजीकरण सं. 301028ई

श्री विजय कुमार सिंह
निदेशक

(श्री संजय रस्तोगी)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

(अर्नब देब)
साझेदार
सदस्यता सं. 062018

(मालिनी महापात्र)
कंपनी सचिव

दिनांक: 20.09.2019
स्थान: कोलकाता

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु लाभ-हानि विवरण

(रु. लाख में)

		टिप्पणी सं.	31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए
	आय			
1	परिचालन से राजस्व	18	-	-
2	अन्य आय	19	1,375.76	1,823.83
3	**कुल राजस्व (1 + 2)**		**1,375.76**	**1,823.83**
4	**व्यय**			
	(क) खपत किये गये कच्चे माल की लागत	20	-	-
	(ख) निर्मित वस्तुओं की वस्तुसूची में परिवर्तन एवं कार्य प्रगति पर	21	-	-
	(ग) कर्मचारी लाभ व्यय	22	83.98	119.02
	(घ) वित्त लागत	23	32.39	32.40
	(ड़) मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय	10	70.14	65.19
	(च) अन्य व्यय	24	1,043.32	687.81
	कुल व्यय (क+ख+ग+घ+ड़+च)		**1,229.83**	**904.42**
5	आपवादिक एवं असाधारण मदों तथा कर से पहले लाभ/(हानि) (3-4)		145.93	919.41
			145.93	919.41
6	आपवादिक मदें	25	-	-
7	असाधारण मदों तथा कर से पहले लाभ/(हानि) (5+6)		145.93	919.41
8	आपवादिक मदें	26	-	-
9	कर से पहले लाभ/(हानि) (7-8)		145.93	919.41
10	कर खर्च			
	(क) वर्तमान कर		-	-
	(ख) आस्थिगित कर		-	-
11	वर्ष हेतु लाभ/(हानि) (9+10)		145.93	919.41
12	प्रति इक्वीटी शेयर उपार्जन			
	(रु. में प्रति इक्वीटी शेयर रु. 1,000/-)			
	मूल (रु.)	27	26.15	164.78
	मिश्रित (रु.)	27	26.15	164.78

महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां 1
हमारे उस तिथि के अनुसार टिप्पणियां 1-26 कृते एवं बोर्ड की ओर से
वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग है

कृते गुप्ता एंड कं.
सनदी लेखाकार
पंजीकरण सं. 301028ई

(अर्नब देब)
साझेदार
सदस्यता सं. 062018

दिनांक: 20.09.2019
स्थानः कोलकाता

श्री विजय कुमार सिंह
निदेशक

(श्री संजय रस्तोगी)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

(मालिनी महापात्र)
कंपनी सचिव

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु नकद प्रवाह विवरण

(रु. लाख में)

		31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु		31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष हेतु	
ए.	**परिचालन के क्रिया-कलापों से नकद प्रवाह**				
	असाधारण मद एवं कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि)		145.93		919.41
	समायोजन :				
	वित्तीय लागत	32.39		32.39	
	मूल्यह्रास	70.14		65.19	
	ब्याज आय	(1,262.04)		(1,726.00)	
	सरकारी अनुदान (आरक्षित) हेतु समायोजन	(0.10)	(1,159.61)	(0.10)	(1,628.52)
	कार्यकारी पूंजी के परिवर्तन से पहले परिचालन लाभ		(1,013.68)		(709.11)
	वस्तुसूची में परिवर्तन	-		(0.10)	
	व्यापारिक प्राप्य में कमी	71.27		85.24	
	अल्प ऋण एवं अग्रिम मं बढ़ोत्तरी	(733.94)		(181.69)	
	अन्य वर्तमान परिसंपत्तियों में कमी	831.33		105.41	
	व्यापारिक देय में बढ़ोत्तरी	37.65		(1.67)	
	अन्य वर्तमान देयताओं में कमी	(104.30)		25.42	
	अल्पावधि उधार में कमी	(0.00)		(0.58)	
	आईएसडीएस निधि व्यय	22.76		(0.03)	
	कार्यकारी पूंजी के परिवर्तन से शुद्ध नकद प्रवाह		124.77		32.09
	परिचालन से नकद प्रवाह		(888.91)		(677.02)
	परिचालन के क्रिया-कलापों से शुद्ध नकद (ए)		(888.91)		(677.02)
बी.	**निवेश क्रिया-कलापों से नकद प्रवाह**				
	सावधि जमा राशि भुनाना	16,539.82		(1,314.82)	
	निश्चित परिसंपत्तियों की खरीद	-		(0.44)	
	ब्याज आय	1,262.04		1,726.00	
	निवेश क्रिया-कलापों से शुद्ध नकद (बी)		17,801.86		410.74
सी.	**वित्तीय क्रिया-कलापों से नकद प्रवाह**				
	आवधिक उधार को चुकाना	(20,000.00)			
	वित्तीय क्रिया-कलापों से शुद्ध नकद		(20,000.00)		-
	नकद एवं नकद समतुल्य में शुद्ध बढ़ोत्तरी/(कमी) (ए+बी+सी)		(3,087.05)		(266.28)
	वर्ष के प्रारंभ में नकद एवं नकद समतुल्य		3,894.71		4,160.99
	वर्ष की समाप्ति पर नकद एवं नकद समतुल्य		807.66		3,894.71

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु नकद प्रवाह (जारी)

(रु. लाख में)

		31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु		31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष हेतु	
	नकद एवं नकद के समतुल्य का अवयव :				
ए)	बैंकों में जमा शेष राशि				
	(i) चालू खाता में	176.42		199.93	
	(ii) सावधि जमा खाता में	631.10		3,694.41	
	(3 महीने से कम की परिपक्वता)				
	(iii) मार्जिन रुपये	3.10	810.62	3.10	3,897.44
	बाद: प्रावधान		3.10		3.10
			807.52		3,894.34
बी)	लेन-देन में नकदी		-		-
सी)	हाथ में नकदी		0.14		0.37
			807.66		3,894.71

महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां
हमारे उस तिथि के अनुसार टिप्पणियां
वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग है

कृते एवं बोर्ड की ओर से

कृते गुप्ता एंड कं.
सनदी लेखाकार
पंजीकरण सं. 301028ई

श्री विजय कुमार सिंह
निदेशक

(श्री संजय रस्तोगी)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

(अर्नब देब)
साझेदार
सदस्यता सं. 062018

(मालिनी महापात्र)
कंपनी सचिव

दिनांक: 20.09.2019
स्थान: कोलकाता

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष का वित्तीय विवरण की टिप्पणियां

टिप्पणी-1 महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1.1 वित्तीय विवरणों को तैयार करने के आधार

यह वित्तीय विवरण साधारणतः स्वीकार्य लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार तैयार किया गया है एवं कंपनी लेखाकरण की मर्केन्टाइल प्रणाली का अनुसरण करता है तथा आय एवं व्यय को वास्तविक आंकड़ों के आधार मान्यता देता है। कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) की धारा 133 के साथ-साथ कंपनी (लेखा) नियम 2014 (यथा संशोधित) और कंपनी अधिनियम 2013 के अन्य संबंधित प्रावधानों जहां तक लागू है, के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखाकरण मानकों का अनुपालन किया है।

1.2 निश्चित परिसंपत्तियां:

1.2.1 निश्चित परिसंपत्तियां का मूल्यांकन राष्ट्रीयकरण की तारीख तक के लागत/बही मूल्य पर किया गया है और परिसंपत्तियों के खरीद की लागत उसके बाद किया गया है। कुछ निश्चित परिसंपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन 1997-98 में किये गये थे।

1.2.2 **मूल्यह्रास :**

निश्चित परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास का प्रभार कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-II के अनुसार लिखित मूल्य पर किया गया है। कंपनी ने अनुसूची-II के अनुसार अपने वर्तमान निश्चित परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन का पूनर्मूल्यांकन किया है तथा लिखित मूल्य विधि पर मूल्यह्रास की नई दर प्राप्त की है ताकि शेष उपयोगी जीवन के ऊपर परिसंपित्तियों का मूल्यह्रास किया जा सके। चूंकि अधिकांश परिसंपत्तियां बहुत पहले खरीदी गई है तथा उपयोगी जीवन पहले ही समाप्त हो चुका है इसलिए सिर्फ 5% अवशिष्ट मूल्य बही में दिखाई पड़ता है और उस निश्चित परिसंपत्तियों पर फिर मूल्यह्रास नहीं किया गया है। कंपनी अधिग्रहण के वर्ष में रु 5,000/- तक की लागत वाली व्यक्तिगत परिसंपत्ति को पूरी तरह से मूल्यह्रास कर देगी।

1.3 विनिवेश

विनिवेश का मूल्यांकन राष्ट्रीयकरण की तारीख तक के लागत/बही मूल्य पर किया गया है और विनिवेश के खरीद की लागत उसके बाद किया गया है।

1.4 स्टॉक का मूल्यांकन:

1.4.1 कच्चे जूट का मूल्यांकन लागत पर किया गया है, एफआईएफओ के आधार पर निर्धारित किया गया है अथवा बाजार मूल्य पर किया गया है, इसमें से जो भी कम हो।

1.4.2 निर्मित वस्तुओं का मूल्यांकन लागत अथवा बाजार मूल्य पर, जो भी कम हो, किया गया है। लागत में सभी प्रत्यक्ष लागत एवं लागू निर्माण करने में आनेवाले बंधे खर्च शामिल हैं।

1.4.3 प्रगति पर कार्य का मूल्यांकन एकरूपता के आधार पर प्रसंस्करण के विशिष्ट चरण की प्रतिशतता के आधार पर आकलित लागत पर किया गया है। यद्यिप कोई परिवर्तन लागत शामिल नहीं है, क्योंकि परिवर्तन ठेकेदारों को भुगतान करने की बाध्यता पैक किए गए उत्पादन को पूर्ण करने के बाद उठती है तथा संविदा/अनुबंध के प्रावधान के अनुसार अर्धनिर्मित वस्तुओं के लिए देयता पर कोई विचार नहीं किया गया है।

1.4.4 भंडार एवं अतिरिक्त सामानों का मूल्यांकन लागत पर किया गया है।

1.5 राजस्व अभिज्ञान

महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान (डीजीएस एंड डी) को विक्रय को वस्तुओं की आपूर्ति के आधार पर लेखा में दर्शाया गया है तथा अन्य मामलों के लिए प्रदत्त आपूर्ति आदेश प्राप्ति पर किया गया है। ब्याज आय को वास्तविक आंकड़ों के आधार पर लेखा में दर्शाया गया है।

1.6 **आकस्मिक एवं अन्य देयताएं**

विभिन्न सरकार/राजस्व प्राधिकारियों से प्राप्त कारण बताओ नोटिस को आकस्मिक देयता के रूप में नहीं समझा गया है। जबकि ऐसे कारण बताओ नोटिसों के विरूद्ध मांग की गई है, कंपनी के दृष्टिकोण पर विचार करने के बाद इन मांगों का या तो भुगतान किया गया है या देयता के रूप में समझा गया है यदि कंपनी द्वारा स्वीकार किया गया है और आकस्मिक देयता के रूप में समझा गया है यदि कंपनी द्वारा विवादित समझा गया है।

1.7 **सेवानिवृत्ति लाभ**

1.7.1 ग्रेच्युटीः तुलना पत्र की तारीख तक पंजी में दर्ज कर्मचारियों के संबंध में ग्रेच्युटी हेतु देयता वास्तविक देयता के आधार पर प्रदान की गई है।

1.7.2 छुट्टी भुनाने का लाभः तुलन पत्र की तारीख तक छुट्टी भुनाने के लाभ हेतु देयता वास्तविक देयता के आधार पर प्रदान की गई है।

टिप्पणी-2 शेयर पूंजी **(रु. लाख में)**

	31 मार्च 2019 तक	31 मार्च 2018 तक
प्राधिकृत		
1,000 रु. का प्रत्येक शेयर की 600000 इक्विटी शेयर (विगत वर्ष 600000 इक्विटी शेयर)	6000.00	6000.00
जारी, अभिदत्त और पूर्णतः चुकता		
1,000 रु. का प्रत्येक शेयर की 557974 इक्विटी शेयर (विगत वर्ष 557974 इक्विटी शेयर)	5579.74	5579.74
कुल	**5579.74**	**5579.74**

अतिरिक्त सूचना

क) कुल 557974 शेयर में से रु.1000/- का प्रत्येक शेयर की 366000 इक्विटी शेयर का आवंटन पूर्णरूपेण चुकता शेयर के रूप में राष्ट्रीयकरण समायोजन लेखा के विरूद्ध किया गया है जो नकद में प्राप्त किए गए का भुगतान किये बिना है।

ख) वर्ष के प्रारंभ एवं समाप्ति तक बकाया शेयरों की संख्या में कोई परिवर्तन/प्रचलन नहीं हुआ है।

ग) कंपनी के पास रु.1000/- प्रति शेयर का अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का सिर्फ एक ही वर्ग है। इक्विटी शेयर के प्रत्येक धारक प्रति शेयर एक वोट का हकदार है एवं लाभांश हेतु समान अधिकार है।

घ) कंपनी में 5 प्रतिशत से अधिक शेयरों के शेयरधारकगणः

	31 मार्च 2019 तक		31 मार्च 2018 तक	
शेयर धारकों का नाम	**शेयरों की संख्या**	**(%)**	**शेयरों की संख्या**	**(%)**
माननीय भारत के राष्ट्रपति	557972	99.99	557972	99.99

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरण की टिप्पणियां

टिप्पणी-3 रिजर्व एवं अधिशेष

(रु. लाख में)

	31 मार्च 2019 तक		31 मार्च 2018 तक	
सरकारी अनुदान के विरुद्ध पूंजी रिजर्व				
प्रारंभिक जमा शेष राशि	1.19		1.29	
योग: वर्ष के दौरान योग/हस्तांतरित	-		-	
बाद: वर्ष के दौरान उपयोग किया/हस्तांतरित	0.10		0.10	
अंतिम जमा शेष राशि		1.09		1.19
पुनर्मूल्यांकन रिजर्व				
प्रारंभिक जमा शेष राशि	441.81		441.81	
योग: वर्ष के दौरान योग	-		-	
बाद: वर्ष के दौरान उपयोग किया/हस्तांतरित	-		-	
अंतिम जमा शेष राशि		441.81		441.81
लाभ-हानि के विवरण में (कमी)				
प्रारंभिक जमा शेष राशि	(28,366.07)		(29,285.48)	
लाभ-हानि के विवरण में जमा शेष राशि	145.93		919.41	
अंतिम जमा शेष राशि		(28,220.14)		(28,366.07)
कुल		**(27,777.24)**		**(27,923.07)**

अतिरिक्त सूचना

पूंजी रिजर्व

क) आरबीएचएम के संबंध में बिहार सरकार से वर्ष 1988-89 में निश्चित परिसंपत्तियों के अधिग्रहण करने के लिए प्राप्त अनुदान की जमा शेष राशि रु150 लाख के विरुद्ध जो उक्त निधि से ऐसी खरीदी गई परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास का समायोजन करने के बाद है।	0.97	1.17
ख) यूनिट किन्निसन के संबंध में आईजेआईआरए से वर्ष 1988-89 में यूएनडी परियोजना के अंतर्गत रिंग स्पिनिंग फ्रेम की स्थापना करने हेतु प्राप्त अनुदान की जमा शेष राशि रु5.44 लाख के विरुद्ध जो उपरोक्त निधि से ऐसी खरीदी गई परिसंपित्तयों पर मूल्यह्रास का समायोजन करने के बाद है।	-	-
ग) यूनिट किन्निसन के सबंध में प. बं. औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड से वर्ष 1982-83 में कैप्टिव डीजल पावर जनरेटिंग सेट की स्थापना करने हेतु प्राप्त अनुदान राशि रु6.97 राशि में से आर्थिक सहायता के रूप में जमा शेष राशि रु0.01 लाख जो अधिग्रहण की तारीख से मूल्यह्रास का समायोजन करने के बाद है (विगत वर्ष रु0.01 लाख)।	0.01	0.01
घ) यूनिट आरबीएचएम के संबंध में राष्ट्रीयकरण की तारीख तक निवेश का बाजार मूल्य एवं बही मूल्य के बीच अंतर।	0.11	0.11
पूनर्मूल्यांकन रिजर्व	1.09	1.19
31.03.1993 तक के पूनर्मूल्यांकित राशि (वर्ष 1997-98 में मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार) एवं बही मूल्य के बीच अंतर जो यूनिट आरबीएचएम से संबंधित कटिहार में स्थित भूमि तथा कलिम्पोंग एवं फारबिसगंज में स्थित भूमि एवं भवन के संबंध में है (संदर्भ: निश्चित परिसंपत्तियों से संबंधित टिप्पणी सं.10 में अतिरिक्त सूचना सं.5 एवं 6)।	441.81	441.81
	441.81	**441.81**

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरण की टिप्पणियां

टिप्पणी-4 दीर्घावधि उधार

(रु. लाख में)

		31 मार्च 2019 तक	31 मार्च 2018 तक
क)	**अन्य ऋण और पेशगियां (असुरक्षित)**		
	i) भारत सरकार से	21,571.41	41,571.41
	ii) पश्चिम बंगाल सरकार से	281.48	281.48
	iii) पश्चिम बंगाल सरकार से उधार पर उपार्जित ब्याज एवं बकाया	1,199.72	1,167.34
	कुल	**23,052.61**	**43,020.23**

अतिरिक्त सूचना

क) भारत सरकार से अतिरिक्त बजटीय सहायता के रूप में प्राप्त ऋण आर्थिक मामले से संबंधित कैबिनेट समिति (सीसीईए) एवं बीआईएफआर द्वारा अनुमोदित एनजेएमसी की पुनर्संरचना/पूनर्जीविता योजना के अनुसार ब्याज रहित है। 2018-19 के दौरान कंपनी ने बंद से संबंधित अधिसूचना के शर्तानुसार 20000 लाख रु. वापस कर दिया है।

ख) कंपनी ने भारत सरकार एवं पश्चिम बंगाल सरकार से प्राप्त उपरोक्त ऋण के लिए कोई प्रतिभूति अथवा गारंटी नहीं दी है।

ग) कंपनी ने निम्नलिखित के लिए ऋण एवं ब्याज को वापस करने में चूक की है।

(रु. लाख में)

	31 मार्च 2019 तक		31 मार्च 2018 तक	
	चूक की अवधि	राशि (रु. लाख में)	चूक की अवधि	राशि (रु. लाख में)
पश्चिम बंगाल सरकार से ऋण :				
i) मूलधन	31.03.1994 से	281.48	31.03.1994 से	281.48
ii) ब्याज	31.03.1994 से	1,199.72	31.03.1994 से	1,167.34
कुल		**1,481.20**		**1,448.82**

कंपनी को पश्चिम बंगाल सरकार से निम्नलिखित के लिए औपचारिक सहमति अभी भी प्राप्त करना शेष है:

i) उनके द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु प्राप्ति योग्य प्रतिपूर्ति के विरूद्ध उपरोक्त मूलधन राशि रु281.48 लाख का समायोजन जैसाकि निश्चित परिसंपत्तियों पर टिप्पणी संख्या 10 में अतिरिक्त सूचना 3 में दर्शाया गया है एवं

ii) बीआईएफआर अनुमोदित योजना के अनुसार साफ्ट ऋण में उपरोक्त ब्याज की राशि रु1199.72 लाख में शामिल उपार्जित ब्याज रु922 लाख का रूपांतरण।

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरण की टिप्पणियां

टिप्पणी-5 दीर्घावधि प्रावधान

(रु. लाख में)

	31 मार्च 2019 तक	31 मार्च 2018 तक
कर्मचारी लाभ हेतु प्रावधान		
i) छुट्टी भुनाने हेतु प्रावधान	11.83	11.83
ii) ग्रेच्यूटी हेतु प्रावधान	11.52	11.52
कुल	**23.35**	**23.35**

अतिरिक्त सूचना

1. ग्रेच्युटी : चालू वित्तीय वर्ष के दौरान ग्रेच्युटी के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है क्योंकि सभी कर्मचारीगण संविदात्मक आधार पर हैं।
2. छुट्टी भुनाना : उपरोक्त में दर्शाये गये आधार पर छुट्टी भुनाने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। मगर जब कभी भुगतान होता है तो वास्तविक भुगतान के प्रभार को राजस्व खाता में दर्शाया जाता है।

टिप्पणी-6 अल्पावधि उधार

(रु. लाख में)

	31 मार्च 2019 तक	31 मार्च 2018 तक
इलाहाबाद बैंक के साथ ओवर ड्राफ्ट लेखा (आवधिक जमा के विरूद्ध सुरक्षित)	-	-
कुल	**-**	**-**

टिप्पणी - 7 व्यापारिक देय

(रु. लाख में)

	31 मार्च 2019 तक	31 मार्च 2018 तक
i) आपूर्ति हेतु ऋणदाता	2,518.53	2,480.87
ii) व्यापारिक देय पर अर्जित ब्याज	69.09	69.09
कुल	**2,587.62**	**2,549.96**

अतिरिक्त सूचना

i) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम की धारा 22 के अंतर्गत प्रकटीकरण		
ए) वर्ष के अंत तक किसी भी आपूर्तिकर्ता को भुगतान न की गई मूलधन राशि	55.06	55.06
बी) विगत वर्ष के अंत तक बकाया एवं देय ब्याज	93.50	93.50
कुल	**148.56**	**148.56**

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरण की टिप्पणियां

टिप्पणी-8 अन्य चालू देयताएं

(रु. लाख में)

		31 मार्च 2019 तक	31 मार्च 2018 तक
i)	सांविधिक प्रेषण (पीएफ एवं ईएसआईसी, कर रोकना, उत्पाद शुल्क, वैट, सेवा कर, पीएफ पर ब्याज आदि में अंशदान)	4,260.02	4,254.69
ii)	भुगतान आयुक्त का असंवितरित दावे	40.29	40.29
iii)	कार्य-निष्पादन गारंटी	57.47	57.47
iv)	प्रतिभुति जमा/ई एम डी	76.85	77.58
v)	आई एस डी एस निधि (आई एस डी एस परियोजना हेतु उपयोग के लिए लंबित)	-	144.00
vi)	आईएसडीएस निधि पर ब्याज हेतु प्रावधान	19.02	-
vii)	पार्टियों से अग्रिम	98.83	99.54
viii)	संपत्ति कर/नगरपालिका कर एवं सेवा प्रभार	236.95	224.94
ix)	उपार्जित मजदूरी एवं वेतन हेतु ऋणदातागण	343.53	338.75
	कुल	**5,132.96**	**5,237.26**

अतिरिक्त सूचना

